# बगैर मास्क घूमते पकड़ा, पुलिस वाहन में बैठाया, थाने ले जाते वक्त उतरकर भाग गए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

बगैर मास्क पहने लोगों को पकड़कर शपथ दिलाने के लिए आईए थाने ले जा रहे थे। वाहन की गति धीमी हुई तो पकड़े गए लोग उतर-उतर कर भाग गए। वाहन आईए थाने पहुंचा तो तीन-चार लोग ही बचे थे। सोमवार दोपहर को घटनाक्रम सैलाना बस स्टैंड चौराहे पर हुआ।

जानकारी के अनुसार बगैर मास्क घूम रहे लोगों के खिलाफ महाराणा प्रताप चौक और सैलाना बस स्टैंड पर सोमवार को एसडीएम अभिषेक गेहलोत और सीएसपी हेमंत चौहान ने कार्रवाई की। 17 लोगों को पकड़कर पुलिस वाहन में बैठाया। पकड़े गए लोगों को औद्योगिक क्षेत्र थाने पर ले जाकर मास्क पहनने की शपथ दिलाने के बाद छोड़ना था। कार्रवाई के बाद एसडीएम गेहलोत शहर भ्रमण पर निकल गए। सीएसपी ने पुलिस वाहन के चालक को आईए थाने ले चलने का कहा और अपनी जीप से आईए थाने पहुंच गए। महाराणा प्रताप चौराहे से रवाना हुआ पुलिस वाहन ट्रैफिक के कारण रुका और इस दौरान लोग दरवाजा खोलकर भाग निकले।



चलते पुलिस वाहन से उतरकर भाग रहे बगैर मास्क पहने लोग।

## सीसीटीवी से पहचान करेंगे

एसडीएम गेहलोत ने बताया कि बस स्टैंड पर कार्रवाई के बाद शहर भ्रमण पर चले गए थे। क्या हुआ पता नहीं? खुद की सुरक्षा के लिए लोगों को मास्क पहनना चाहिए। इससे दूसरों की भी सुरक्षा होगी। मास्क पहनने की समझाइश देकर शपथ दिलवाते हैं। इन्हें भी शपथ दिलाने के लिए आईए थाने ले जा रहे थे। यदि पुलिस वाहन से भागे हैं तो कार्रवाई के लिए सीसीटीवी कैमरे के फुटेज मंगवाकर पहचान की जाएगी। भास्कर

## कितने पकड़े पता नहीं

सीएसपी हेमंत चौहान ने बताया कि बगैर मास्क के कितने लोग पकड़े थे पता नहीं। कुछ लोग आईए थाने आए थे जिन्हें शपथ दिलाकर छोड़ दिया।

**वाहन के पीछे बाइक पर पुलिसकर्मी भी साथ होना चाहिए :** एसपी गौरव तिवारी ने बताया कि सुरक्षा के लिए वाहन के पीछे बाइक पर पुलिसकर्मियों को साथ चलना चाहिए था। संबंधित को निर्देश देंगे कि आइंदा इस तरह की स्थिति में ध्यान रखें।

दै. भास्कर 29/6/21

# सर्वाधिक डोज देने वाला देश बना भारत

नई दिल्ली (ब्यूरो)। भारत कोरोना वैक्सीन की सबसे अधिक डोज देने वाला देश बन गया है। रविवार सुबह सात बजे तक भारत ने कोरोना वैक्सीन की कुल 32.36 करोड़ डोज दी हैं। अमेरिका ने अब तक 32.33 करोड़ डोज दी हैं और वह दूसरे नंबर है। कुल वैक्सीन डोज देने के मामले में फ्रांस, ब्रिटेन, इटली और जर्मनी जैसे विकसित देश भारत से काफी पीछे हैं, जबकि इन सभी देशों में भारत से पहले ही टीकाकरण की शुरुआत हो गई थी।

अमेरिका में पिछले साल 14 दिसंबर से टीकाकरण शुरू हुआ था। जबकि भारत में इसकी शुरुआत 16 जनवरी 2021 से हुई थी। दुनिया में सबसे अधिक डोज देने के बाद भी भारत लगभग 4.3 फीसद आबादी को दोनों डोज और 20 फीसद को एक डोज दे सका है, जबकि अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, इटली और फ्रांस जैसे देश कम डोज लगाने के बावजूद अधिकांश जनसंख्या का टीकाकरण कर चुके हैं।

## जिंदगी का टीका

**1 भारत**
16 जनवरी से शुरू हुए अभियान में अब तक लगीं 32 करोड़ 36 लाख डोज



**2 अमेरिका**
14 दिसंबर से अब तक लगाई गई 32 करोड़ 33 लाख डोज



**3** ब्रिटेन में अब तक 7 करोड़ 67 लाख 74 हजार 990 डोज लगाई जा चुकी है।

**4** जर्मनी में 7 करोड़ 14 लाख 37 हजार 514 डोज लगाई जा चुकी है।

**5** फ्रांस में 5 करोड़ 24 लाख 57 हजार 288 डोज लगाई जा चुकी है।

**6** इटली में वैक्सीन की 4 करोड़ 96 लाख 50 हजार 721 डोज लगाई गई है।

> 'भारत का टीकाकरण अभियान गति पकड़ रहा है। उन सभी को बधाई जो इस प्रयास को आगे बढ़ा रहे हैं। हमारी प्रतिबद्धता सभी के लिए टीके, सभी के लिए निःशुल्क टीके बनी हुई है।'
>
> – नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



नईदुनिया

## अंचल में उत्साह बरकरार



मंदसौर में सीएमएचओ बंगले पर लोगों की कतार नजर आई। • नईदुनिया

- मंदसौर में 19 हजार के विरुद्ध 19620 लोगों को टीका लगा।
- धार में तीन हजार डोज उपलब्ध थे, जो सोमवार को लगा दिए गए।
- खंडवा जिले में जिन केंद्रों पर एक दिन में एक हजार से अधिक डोज लग चुके हैं, वहां पर सोमवार को सिर्फ 250 से 300 डोज ही मिले।
- खरगोन में 19 हजार के विरुद्ध 19 हजार 740 लोगों को टीका लगा।
- आलीराजपुर में 17 हजार से अधिक लोगों को टीके लगाए गए।

नईदुनिया 29/6/21

**मैराथन बैठकों में बड़ा कदम : सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों पर सख्ती के निर्देश**

# सीएम बोले- कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज नहीं लगवाना अपराध, करो कार्रवाई

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



भोपाल. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को मंत्री समूहों की मैराथन बैठकें कीं। सीएम ने वैक्सीनेशन की अनिवार्यता के लिए बड़ा कदम उठाया कि जो सरकारी अधिकारी-कर्मचारी एक डोज के बाद दूसरी नहीं लगवाता, उस पर कार्रवाई की जाए। सार्वजनिक स्थलों पर वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट के आधार पर एंट्री देना भी तय किया गया।

## 45+ वालों के लिए चलेगा अभियान

शिवराज ने बैठक में कहा कि उच्च जोखिम वाले लोगों को पहले दोनों डोज लगवाएं जाएं। दूसरी डोज नहीं लगवाना समाज के लिए अपराध के समान है। सामान्य लोगों को भी दूसरी डोज के लिए चिह्नित करके अनिवार्य रूप से डोज लगाने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा, प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में टीकाकरण अभियान पर विशेष ध्यान दिया जाए। 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को पहली डोज लगाने विशेष कैम्प लगाए जाएं।

## 66 ग्राम पंचायतों में 100% वैक्सीनेशन

नगर पंचायत बुढ़ार और नगर परिषद खैतिया में पूर्ण टीकाकरण हो चुका है। 13 जिलों की 66 ग्राम पंचायतों में भी शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन हो चुका है। सीएम ने निर्देश दिए कि कोविड टीकाकरण के साथ बच्चों को लगने वाले 14 प्रकार के टीकाकरण का अभियान भी निरंतर जारी है। बच्चों का यह टीकाकरण प्रभावित नहीं हो।


1 से फुल अनलॉक: सिनेमाघर में वैक्सीन सर्टिफिकेट होने पर एंट्री

पत्रिका में 28 जून को प्रकाशित

बैठक में निर्देशित किया गया कि सार्वजनिक स्थलों पर प्रवेश का आधार वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट बन सकता है। इनमें पर्यटन स्थल, सिनेमाघर, पार्क जैसे अन्य स्थल शामिल हो सकते हैं।

## दुकान-संस्थानों का होगा सम्मान

सीएम ने कहा, जिन दुकानों व संस्थानों ने बेहतर तरीके से कोरोना प्रोटोकाल का पालन किया, उन्हें सम्मानित किया जाए। भीड़ वाले क्षेत्रों में प्रोटोकॉल की निगरानी के लिए टावर लगाए जाएं। सम्मान योजना व रोको-टोको अभियान चलाए जाएं। प्रदेश में प्रतिदिन एक लाख तक कोरोना टेस्ट सुनिश्चित किए जाएं।

## दुकानों, होटलों में भीड़ रोकने लागू होगा कूपन सिस्टम

कोरोना काल में दुकानों, होटलों और भीड़ वाले प्रतिष्ठानों में प्रोटोकॉल का पालन करने कूपन सिस्टम अपनाया जाएगा। दुकानों-होटलों से जितने लोग बाहर निकलेंगे, उतने ही नए लोग प्रवेश कर पाएंगे। होटल प्रतिष्ठान 50 फीसदी क्षमता के साथ खुलेंगे।

कोविड अनुकूल व्यवहार की मंत्री समूह की बैठक में तय किया गया कि घर से निकलने वाले सौ फीसदी लोगों के मुंह पर मास्क जरूर हो। नगरीय निकाय चैकिंग अभियान चलाएंगे। दुकान, होटलों और प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई करें। सुझाव दिया जाए कि वे खाद्य सामग्रियों की होम डिलेवरी पर जोर दें। इसके लिए कुछ प्रोत्साहन योजना चलाई जाए। मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा, नगरीय निकायों द्वारा कोविड अनुकूल व्यवहार करने वाले व्यापारियों, दुकानदारों इत्यादि को पुरस्कृत किया जाएगा।

पत्रिका

पत्रिका । 29/6/21

# निर्देश : स्वास्थ्य विभाग कोविड के साथ ही डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों पर भी ध्यान दें

रतलाम। समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक सोमवार शाम संपन्न हुई। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि कोरोना के अलावा स्वास्थ्य विभाग अन्य बीमारियों पर भी ध्यान देवें। वर्तमान मौसम में डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारी पनप सकती हैं। स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला एवं राजस्व विभाग का अमला ग्रामीण क्षेत्रों में नजर रखें।

कलेक्टर ने इस बात पर नाराजगी व्यक्त की कि जिले के दो गांव में डेंगू के मरीज सामने आने की सूचना स्वास्थ्य विभाग या राजस्व के मैदानी अमले से प्राप्त नहीं हुई। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि सभी खंड चिकित्सा अधिकारी अपने मैदानी अमले से रिपोर्ट प्राप्त करें कि कहीं किसी गांव में मलेरिया या डेंगू जैसी कोई बीमारी तो नहीं फैली हुई है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि कांटेक्ट ट्रेसिंग पर ध्यान देवें। कोरोना के मरीज से जिन लोगों का संपर्क हुआ है उनकी व्यापक स्तर पर ट्रेसिंग की जाए। जिन लोगों को होम आइसोलेट किया जाता है वो अपने घर में ही रहे, इधर-उधर नहीं घूमे, इसका ध्यान रखें। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने राजस्व विभाग को निर्देशित किया कि प्रकरणों में निराकरण की स्थिति को सुधारा जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि हम आम आदमी की समस्या के निराकरण के लिए नियुक्त किए गए हैं। अतः राजस्व अधिकारी आम आदमी की समस्याओं के प्रति संवेदनशील होकर निर्णय लेवें।

# भाग कोविड के साथ ही डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों पर भी ध्यान देवें

## कलेक्टर ने बैठक में दिए निर्देश



में डेंगू के मरीज सामने आने सूचना स्वास्थ्य विभाग या के मैदानी अमले से प्राप्त हुई। कलेक्टर ने यह भी दिए कि सभी खंड चिकित्सा अधिकारी अपने मैदानी अमले से रिपोर्ट प्राप्त करें कि कहीं किसी गांव में मलेरिया या डेंगू जैसी कोई बीमारी तो नहीं फैली हुई है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि कांटेक्ट ट्रेसिंग पर ध्यान देवें। कोरोना के मरीज से जिन लोगों का संपर्क हुआ है उनकी व्यापक स्तर पर ट्रेसिंग की जाए। जिन लोगों को होम आइसोलेट किया जाता है वो अपने घर में ही रहे, इधर-उधर नहीं घूमे, इसका ध्यान रखें।

## प्लान बनाकर प्रस्तुत करें टाइम पास नहीं करें

कलेक्टर ने विगत बैठक में जिले में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्य के लिए अलग-अलग विभागों को कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। वर्तमान बैठक में समीक्षा के दौरान कलेक्टर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी के प्रति सख्त नाराजगी व्यक्त की गई। कलेक्टर ने कहा कि टाइम पास नहीं किया जाए, कार्य को गंभीरता से लिया जाए। जिला शिक्षा अधिकारी अपने विभाग के अंतर्गत किए जाने वाले प्लांटेशन के संबंध में विशुद्ध कार्ययोजना प्रस्तुत करें। इसके साथ ही जावरा मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा यह जानकारी दिए जाने पर कि जावरा में 25000 पौधे लगाए जाएंगे। कलेक्टर ने कहा कि इस प्रकार की फर्जी जानकारी प्रस्तुत नहीं की जाए। इस संबंध में जावरा सीएमओ द्वारा कोई विस्तृत कार्य योजना भी नहीं बताई गई। कलेक्टर ने कहा कि जावरा में 5000 पौधे लगाए जाकर उनकी उचित देखभाल का इंतजाम किया जाए। राजस्व विभाग को 1000 पौधे लगाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग अपने परिसरों में 500 पौधे लगाएगा। शिक्षा विभाग 8000 पौधे लगाएगा, अन्य विभागों के भी लक्ष्य तय किए गए।

कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में रेडक्रास द्वारा संचालित अल्ट्रासोनिक मशीन के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि एक साल से मशीन खराब है, ऐसी रिपोर्ट प्राप्त हुई है। डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन को निर्देशित किया गया कि मशीन को सुधरवाकर चालु किया जाए। उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत जिले के 7 किसानों को शासन की योजना में बैंक ऋण स्वीकृत कराने के संबंध में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देशित किया गया। इसका अलावा विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री को निर्देशित किया गया कि विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लाइट बंद हो जाने के दौरान रिस्पांस टाइम को सुधारा जाए।

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने राजस्व विभाग को निर्देशित किया कि प्रकरणों में निराकरण की स्थिति को सुधारा जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि हम आम आदमी की समस्या के निराकरण के लिए नियुक्त किए गए हैं। अतः राजस्व अधिकारी आम आदमी की समस्याओं के प्रति संवेदनशील होकर निर्णय लेवे।

# अब सप्ताह में दो बार ही होगा टीकाकरण

## महाअभियान में 89404 टीके लगे, एक और पांच जुलाई को लगेगा कैंप

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना वैक्सीन लगाने के लिए वार्डवार जागरूकता अभियान चलाने के बाद 21 से 30 जून तक महाअभियान चलाकर जिले में 1.5 लाख लोगों के टीकाकरण के लक्ष्य में 89404 लोगों को टीका लगाया जा सका। अभियान के तय लक्ष्य में 59.60 प्रतिशत टीकाकरण ही हो पाया है। शनिवार को शहर में 3256 लोगों का टीकाकरण किया गया। अब सीधे एक व पांच जुलाई को टीकाकरण किया जाएगा।

सोमवार को 18 से 44 वर्ष आयु के 2548 व 45 प्लस आयु वर्ग में 708 लोगों को टीका लगाया गया। जिले में 16 जनवरी से शुरू हुए टीकाकरण अभियान में अभी तक 301996 लोगों को पहला व 43171 को दोनों टीके लगाए जा चुके हैं। कुल 1117893 लोगों को टीके लगना है। सीएमएचओ ने बताया कि जिले में अब तक कुल 345167 कोविड वैक्सीन लगाए जा चुके हैं। राज्य कार्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार अब कोविड वैक्सीनेशन सप्ताह में कुल दो बार किया जाएगा।






रतलाम में टीकाकरण केंद्र पर वैक्सीन लगवाती हुई महिला। • नईदुनिया

### केंद्रों पर भीड़, विवाद भी

शहर में सोमवार को भी वैक्सीनेशन केंद्रों पर लोगों की भीड़ लगी रही। सभी केंद्रों पर दोपहर में वैक्सीन खत्म हो गई। सूरजहाल, अलकापुरी, लायंसहाल केंद्र पर लंबी कतारों में खड़े लोगों को वैक्सीन खत्म होने से निराशा हुई।




### महाअभियान में अभी तक टीकाकरण

| ब्लाक | लक्ष्य | टीके लगे |
|---|---|---|
| आलोट | 20000 | 11108 |
| बाजना | 10000 | 5757 |
| सैलाना | 10000 | 7049 |
| जावरा | 20000 | 11213 |
| पिपलौदा | 10000 | 7782 |
| रतलाम ग्रामीण | 20000 | 17674 |
| रतलाम शहर | 60000 | 28825 |

### महाअभियान के पांच दिन

| दिनांक | टीके लगे |
|---|---|
| 21 जून | 38142 |
| 23 जून | 19283 |
| 24 जून | 10791 |
| 26 जून | 17936 |
| 28 जून | 3256 |

नईदुनिया

## कोविड कम होते ही ओपीडी में बढ़े मरीज

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में कोरोना संक्रमण कम होने के साथ ही अब जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। इससे पहले अधिकांश लोग बीमार होने के बाद भी उपचार करवाने के लिए जिला अस्पताल नहीं आ रहे थे। लोगों को यह डर सता रहा था कि कहीं अस्पताल में जाने पर संक्रमित ना हो जाएं, चूंकि वहां पर कौन-सा मरीज पाजिटिव है या नेगेटिव किसी को कोई जानकारी नहीं है। इसके चलते अस्पताल की ओपीडी 70 फीसद तक कम हो गई थी। कोरोना थमते ही अब ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। एक महीने पहले 600 मरीजों की ओपीडी थी, जो सोमवार को 1400 रही। पिछले 15 दिनों से ओपीडी में मरीज बढ़ने लगे हैं। डाक्टरों का कहना कि अन्य बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। जिला अस्पताल के आरएमओ डा. योगेश नीखरा ने बताया कि सर्दी, जुकाम, बुखार एवं मौसमी बीमारियों के मरीज अस्पताल आ रहे हैं।

नईदुनिया २९/६/२१

# वैक्सीन के लिए सेंटरों पर लग रही लोगों की कतारें



**प्रसारण न्यूज़ • रतलाम**

जिले में महा वैक्सीनेशन अभियान के दौरान टीका लगवाने के लिए लोग जागरूक तो हुए हैं, लेकिन जिले में जारी टीके की किल्लत की वजह से अब वैक्सीनेशन केंद्रों पर लोगों की भीड़ उमड़ रही है। जहां लोगों के बीच धक्का-मुक्की और विवाद की स्थिति भी निर्मित हो रही है। सोमवार को सीमित स्थानों पर टीकाकरण किए जाने के लिए केंद्र बनाए गए थे, जहां वैक्सीन लगवाने पहुंचे लोग आपस में ही विवाद करते नजर आए हैं। मालीकुआ क्षेत्र में व्यक्ति लगवाने के लिए लाइन में लगे लोग सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां तो उड़ा ही रहे थे, वहीं पहले वैक्सीन लगवाने के लिए आपस में धक्का-मुक्की भी करते नजर आए हैं।

दरअसल, महा वैक्सीनेशन अभियान के तहत टीकाकरण के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार और जागरूकता अभियान चलाया गया था, लेकिन अब टीका लगवाने के लिए उत्साहित लोगों की भीड़ वैक्सीनेशन केंद्रों पर लग रही। जहां सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां तो उड़ ही रही है, वहीं वैक्सीन लगवाने के लिए लोगों में धक्का-मुक्की और विवाद भी हो रहे हैं।



वैक्सीनेशन केंद्रों पर पुलिसकर्मियों को पहुंचकर भीड़ को नियंत्रित करना पड़ रहा है।

माली कुआं स्थित टीकाकरण केंद्र पर पहुंचे लोग आपस में ही भिड़ गए, जिसके बाद पुलिस को मौके पर पहुंचकर मामला शांत करवाना पड़ा। धक्का-मुक्की और विवाद की स्थिति शहर के डी आर पी लाइन और पी एन टी कॉलोनी क्षेत्र में भी बनी जहां पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा है । हंगामा कर रहे लोगों की शिकायत थी कि वैक्सीनेशन केंद्रों पर केवल जान पहचान के लोगों को ही बुलाकर वैक्सीन लगवाया जा रहा है, जबकि आम लोग सुबह से कतार में खड़े हुए हैं। वहीं कई लोगों को वैक्सीन खत्म हो जाने के बाद मायूस होकर घर लौटना पड़ रहा है। बहरहाल, प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे महा वैक्सीनेशन अभियान को 8 दिन पूरे हो चुके हैं, लेकिन केवल पहले दिन के बाद से ही जिले में वैक्सीन की किल्लत है, जिसकी वजह से महा वैक्सीनेशन अभियान तो प्रभावित हो ही रहा है, वहीं वैक्सीनेशन केंद्रों पर लोगों के बीच विवाद और धक्का-मुक्की की नौबत भी आ गई है।

## वैक्सीन लगवाकर स्वयं को सुरक्षित महसूस कर रहे है छुट्टन खान

रतलाम। जिले में संचालित कोविड वैक्सीनेशन महाअभियान के प्रति लोगों में खासा उत्साह है। वैक्सीन लगवाने के बाद लोग स्वयं को कोरोना से सुरक्षित महसूस कर रहे हैं और दूसरों को भी वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वैक्सीनेशन को लेकर सभी वर्गों में उत्साह का माहौल देखने में आ रहा है। इसी कड़ी में जिले के ताल नगर में बस स्टैंड पर हम्माली मजदूरी का कार्य करने वाले छुट्टन खान कोविड-19 टीका लगवाकर स्वयं को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं और वैक्सीनेशन के प्रमाण पत्र की प्रिंट आउट निकलवाकर अपना फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए नागरिकों से अनुरोध कर रहे है कि वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए वैक्सीन लगवाना बेहद जरूरी है। उन्होंने सभी आमजनों से आग्रह किया है कि स्वयं वैक्सीन लगवाए तथा अपने परिवारजनों का भी वैक्सीनेशन करवाकर उन्हें भी स्वास्थ्य रखें और दूसरों को भी वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करें।

प्रसारण। 29/6/21

# दो बत्ती फोरलेन में दूसरे हिस्से का काम जल्द पूरा करें

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। दो बत्ती से महाराजा सज्जनसिंह प्रतिमा चौराहे तक फोरलेन निर्माण व धोलावड़ जलाशय पर नए इंटकवेल का निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सोमवार को कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री मनीष तिवारी के साथ निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निगम आयुक्त फोरलेन निर्माण ठेकेदार को निर्देशित किया कि टू लेन सड़क का निर्माण कार्य पुरा हो चुका है जिस पर से आवागमन जारी है। दूसरी ओर टू लेन निर्माण से पूर्व नाले व ड्रेनेज पाइप डालने का कार्य शीघ्रता से किया जाए। ढलान ऐसा रखें कि सड़क पर पानी नहीं रुके।

नए इंटकवेल के लिए मुख्य मार्ग से बनाई गई सीमेंट कांक्रीट सड़क के दोनों ओर दो-दो की लाइन में फलदार पौधे रोपने के निर्देश देते हुए मौके पर ही गड्ढे खुदवाने का कार्य प्रारंभ करवाया।



दो बत्ती चौराहा पर नाले में पाइप डालती हुई जेसीबी। • नईदुनिया

नईदुनिया

नईदुनिया 29/6/21

# फोरलेन और धोलावड़ के नए इंटकवेल का किया निरीक्षण

भास्कर संवाददाता | रतलाम

दो बत्ती से महाराजा सज्जन सिंह चौराहा तक फोरलेन सड़क बनाने का काम तेजी से चल रहा है। एक तरफ की सड़क बनकर यातायात शुरू हो चुका है। सोमवार को आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क पर पानी जमा न हो इसलिए ढलान सही देने के निर्देश दिए। इसके बाद आयुक्त धोलावड़ डेम के नए इंटकवेल पहुंचे। यहां मुख्य मार्ग से इंटकवेल तक बनाई गई सीसी सड़क का निर्माण देखा। सड़क के दोनों तरफ दो लाइन में फलदार पौधे रोपने के निर्देश दिए। साथ ही खुद खड़े रहकर पौधरोपण के लिए गड्ढे भी खुदवाए। कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जलप्रदाय इंजीनियर सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री मनीष तिवारी भी साथ में थे।

भास्कर

दै. भास्कर 29/6/21

# ये भीड़ ला सकती है तीसरी लहर... डोज के हिसाब से टोकन दिए, फिर भी केंद्र पर ही डटे रहे बाकी लोग

## टोकन व्यवस्था को भी नकार रहे लोग... संक्रमण का डर नहीं, जबकि पता है कि टीके खत्म हो चुके

रतलाम | कोरोना की तीसरी लहर दूर नहीं है... लेकिन इस तीसरी लहर को लाने के लिए जिम्मेदार हम खुद होंगे। इस बात का अंदाजा आप इन तस्वीरों से लगा सकते हैं। ये तस्वीरें सोमवार को हुए टीकाकरण की है, अलग-अलग केंद्रों पर इस तरह भीड़ रही। जबकि वैक्सीन तय संख्या में ही थी। शुरुआत में खड़े लोगों को टोकन बांट दिए लेकिन जो बच गए, उन्हें घर जाने का कहा लेकिन लोग टस से मस नहीं हुए। लोगों को उम्मीद थी कि वैक्सीन लग जाएगी जो गलत है।



कालिका माता में 500 से ज्यादा लोग पहुंचे, यहां 300 डोज ही थे। लोग लौटने को तैयार नहीं थे। प्रभारी लोकेश वैष्णव ने समझाया लेकिन नहीं लौटे।



डीआरपी लाइन में भी भारी भीड़ थी। यहां लोगों ने विवाद किया। सोशल डिस्टेंसिंग का भी पालन नहीं हुआ।

## अब 1 जुलाई को जिले में किया जाएगा वैक्सीनेशन

सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया 1 जुलाई को वैक्सीनेशन होगा। सोमवार को हुए वैक्सीनेशन सत्र में कुल 3256 लोगों को वैक्सीन लगाई गई है। अब तक 3.45 लाख लोगों को टीके लग चुके हैं। अब वैक्सीन सप्ताह में दो बार लगेगी, 1 जुलाई के बाद अगले सत्र 5 जुलाई को होंगे।

भास्कर

दै. भास्कर 29/6/21

# तीन जगह के गड्ढे बताएंगे त्रिवेणी की सड़क की गुणवत्ता, कलेक्टर की बनाई समिति ने मौके पर जांचा

## मामला एक महीने पहले बनी त्रिवेणी सड़क के पहली बारिश में कई स्थानों से उखड़ने का

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कलेक्टर द्वारा गठित टीम सोमवार को त्रिवेणी रोड की जांच के लिए पहुंची। टीम ने गुणवत्ता की जांच के लिए सड़क पर तीन स्थानों पर गड्ढे किए और सड़क की मोटाई की जांच की। साथ ही डामर और गिट्टी का भी सैंपल लिया। अब इसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। टीम के सदस्यों ने सोमवार को करीब एक घंटे तक जांच की।

त्रिवेणी मुक्तिधाम से त्रिवेणी पुलिस चौकी तक डामर की सड़क का निर्माण हुआ लेकिन 10 दिन पहले हुई पहली बारिश से ही सड़क कई स्थानों से उखड़ना शुरू हो गई थी। इस पर दैनिक भास्कर ने यह मामला उठाया था। इस पर कलेक्टर ने दो सदस्यीय जांच टीम गठित की थी। जो रविवार को जांच के लिए मौके पर पहुंची थी लेकिन बारिश होने से जांच नहीं हो पाई थी। इस पर सोमवार दोपहर को फिर टीम के सदस्य पहुंचे और सड़क के सैंपल लिए। अब लैब में इन सैंपल की जांच कर सड़क की गुणवत्ता की जांच करवाई जाएगी।

भास्कर

### मई में बनी थी सड़क और एक महीने बाद ही उखड़ने लगी, अंगुली लगाते ही डामर निकला



सड़क में गड्ढा कर सड़क की मोटाई की जांच करती टीम।

त्रिवेणी मुक्तिधाम से लेकर पुलिस चौकी तक यह सड़क मई में बनी थी लेकिन जून में आई पहली बारिश से ही यह सड़क उखड़ने लगी। इसके बाद कलेक्टर तक मामला पहुंचा तो कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सड़क की गुणवत्ता की जांच के आदेश दिए हैं। इस पर सड़क की जांच हो रही है।

### इन तीन स्थानों से लिए सड़क के सैंपल

- त्रिवेणी मुक्तिधाम कल्याण नगर गेट के सामने
- त्रिवेणी मेन रोड माताजी मंदिर के सामने
- पुलिस चौकी मानस भवन के गेट के सामने

**रिपोर्ट आने के बाद ही दे पाएंगे पूरी जानकारी :** टीम के सदस्य लोक निर्माण विभाग के ईई दीपेश गुप्ता ने बताया कि त्रिवेणी साइट पर गए थे। सड़क पर तीन अलग-अलग स्थानों से डामर के सैंपल भी लिए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही ज्यादा जानकारी दे पाएंगे।

दै. भास्कर 29/6/21

पहले कोरोना संक्रमितों की संख्या छिपाई, फिर मौत के आंकड़े कम बताए, अब...

# महाअभियान में महाघोटाला

# एक दिन में 555 आधार नंबर पर दो-दो, 90 पर 3-3 और 1 पर 16 लोगों का वैक्सीनेशन

## भोपाल में वैक्सीनेट हुए 10 हजार लोगों के डाटा की पड़ताल

**भास्कर इन्वेस्टिगेशन**

रोहित श्रीवास्तव/भीम सिंह मीणा | भोपाल

भोपाल में 21 जून को कोविड वैक्सीनेशन महाअभियान के दौरान दर्जनों घालमेल सामने आए हैं। उस दिन 555 आधार नंबर पर दो-दो और 90 पर तीन-तीन लोगों को वैक्सीन लगाई गई है। इतना ही नहीं, बैरागढ़ में एक कैंप में एक ही आधार नंबर पर 16 लोगों को टीका लगा दिया गया, जिनमें से तीन लोग झारखंड, महाराष्ट्र और सतना के हैं। खास बात यह है कि ये लोग आज तक भोपाल आए ही नहीं, लेकिन राजधानी के रिकॉर्ड में इन्हें वैक्सीन लगाई गई है। यह खुलासा कोलार, बैरागढ़, बैरसिया और सिटी क्षेत्र के 10 हजार लोगों के वैक्सीनेशन डाटा की पड़ताल में हुआ है।

10 हजार लोगों के वैक्सीनेशन-डेटा रिकॉर्ड में 661 लोगों के आधार नंबर पर 1459 लोगों को वैक्सीन लगाना बताया गया है। इनमें सबसे ज्यादा 555 आधार नंबर ऐसे हैं, जिन पर 2-2 लोगों का वैक्सीनेशन होना रिकॉर्ड में दर्ज है। रिकॉर्ड के अनुसार बैरागढ़ के एक वैक्सीनेशन सेंटर पर आधार नंबर ********9999 पर सुलेमान को कोविड का टीका लगाए जाने की जानकारी

### ********3301 से 3399 के बीच सीरियल नंबर से 50 को टीका

वैक्सीनेशन डेटा रिपोर्ट के अनुसार बैरसिया, बैरागढ़, कोलार क्षेत्र और सिटी सर्कल के कई वैक्सीनेशन सेंटर्स के रिकॉर्ड में हितग्राहियों के रजिस्टर्ड आधार नंबर सीरीज के रूप में दर्ज हैं। आखिरी चार नंबरों की शुरूआत 33 से शुरू हो रही है। रिकॉर्ड में 3301 से लेकर 3399 के बीच के 50 नंबरों पर अलग-अलग लोगों को रजिस्टर किया गया है। लेकिन, इन सभी के मोबाइल नंबर अलग-अलग हैं। जिनमें कुछ नंबर तमिलनाडु, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के हैं। इसके चलते वैक्सीनेशन महाअभियान के तहत प्रदेश में हुए रिकार्ड वैक्सीनेशन के आंकड़ों पर सवाल उठने लगे हैं।

**किस आधार पर कितने टीके**

| आधार नंबर | वैक्सीन |
|---|---|
| ********9999 | 16 |
| ********5950 | 6 |
| ********5505 | 5 |
| ********7874 | 4 |
| ********6248 | 4 |
| ********6329 | 4 |

**और कितनी बार टीके**

| आधार नंबर | रजिस्ट्रेशन |
|---|---|
| 555 | 2 |
| 90 | 3 |
| 1 | 16 |
| 13 | 4 |
| 1 | 5 |
| 1 | 6 |

## जो कभी भोपाल आए ही नहीं, रिकॉर्ड में झारखंड-महाराष्ट्र के उन लोगों को भी टीके लगाए


**केस-1** बिलासपुर के हर्ष के नंबर पर भोपाल में भरतराम और पारो को लगा टीका

मोबाइल नंबर 6262###828 पर भरतराम और पारो बाई को टीका लगाए जाने की जानकारी वैक्सीनेशन रिकार्ड में दी गई है। इसमें रजिस्टर किया गया मोबाइल नंबर बिलासपुर के हर्ष नामदेव का है। जो कभी भोपाल नहीं आए हैं। हर्ष ने बताया कि उनके परिवार में भरतराम और पारो बाई नाम का कोई सदस्य ही नहीं है। ना ही परिवार के किसी सदस्य ने भोपाल में कोरोना का टीका लगवाया है।

**केस-3** बैरसिया में एक ही आधार नंबर पर चार लोगों को लगा दी वैक्सीन

बैरसिया में #### #### 0274 आधार नंबर पर स्वाति, उमेंद्र, गुलदेश और वीमेंद्र को कोरोना का टीका 21 जून को लगाया जाना रिकार्ड में

### कच्चा चिट्ठा



कोविन पोर्टल पर अपलोड रिपोर्ट... एक ही तरह के आधार नंबर पर अलग-अलग लोगों को लगाई वैक्सीन।

**केस-4** वैक्सीन एक बार लगी, नाम दो जगह दर्ज अरुणा की जगह नाम भी अरुण कर दिया

अरुण कोचेटा ने भोपाल के द्वारकाधाम संजीव नगर में डोज लगवाई। इनके नाम के आगे जो आधार नंबर लिखा है, उसके आखिरी की चार नंबर #### ####

**केस-2** चार मोबाइल नंबर से एक आधार नंबर को रजिस्टर्ड कर लगा टीका

चार अलग-अलग मोबाइल नंबर से कोविड टीकाकरण के लिए चार लोगों को रजिस्टर्ड किया गया। लेकिन, वैक्सीन लगाने के लिए सभी का आधार नंबर एक #### #### 0774 दर्ज किया गया। वैक्सीनेशन रिकार्ड में इस आधार नंबर से नीलम अग्रवाल, द्वारिका बाई राजौरे, और हाजरा बाई को कोरोना वैक्सीन का दूसरा टीका और मोहम्मद फरीद को पहला टीका लगा है।

**केस-5** तमिलनाडु के नागराज के मोबाइल नंबर पर बैरसिया में रेखा को टीका

आधार नंबर #### #### 0#44 पर बैरसिया में संदीप नामदेव, रेखा और रेखा अहिरवार को टीका लगाना बताया गया है। जो बैरसिया के संदीप का है।





# बिना मास्क के निकले 118 लोगों के काटे चालान

**ब्रेक के बाद अमले ने शुरू की कार्रवाई, एसडीएम बोले आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई-**



जावरा लॉकडाउन से मिल रही राहत के साथ ही सड़क से लेकर बाजार तक रौनक वापस लौटने लगी है। समाज में बढ़ रही हलचल की वजह से सड़कों पर यातायात का दबाव भी बढ़ता जा रहा है। ऐसे में लोग लापरवाह बने हुए है। कोरोना की तीसरी लहर को रोकने के लिए नियमों का सख्ती से पालन करना होगा। सरकार ने मार्केट बाजार व दुकानों को निर्धारित समय तक खोलने की छूट दे दी है। लेकिन इस स्थिति में लोग मास्क लगाकर ही बाहर निकले तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करे। लेकिन लोग इसका पालन नही कर रहे है। लंबे ब्रेक के बाद राजस्व अमला और पुलिस प्रशासन हरकत मे आया है तथा चालानी कार्रवाई प्रारंभ की है।

दुसरी लहर के बाद अब तीसरी लहर के संक्रमित भी मप्र में मिल चुके है। लोगो ने अब भी सतर्कता नही बरती तो इसके परिणाम गंभीर होंगे। लॉकडाउन छूट के बाद बिना मास्क के निकलने वाले लोगो पर प्रशासनिक अमले ने कार्रवाई प्रारंभ की है। सोमवार को राजस्व अमला व पुलिस प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई की। तहसीलदार ब्रजलाल बामनिया की उपस्थिति में शहर के प्रमुख चौराहों पर पुलिस संग कार्रवाई की गई। बिना मास्क के वाहन चला रहे लोगों ने अमले को देखकर दूर से ही वाहन पलटाते नजर आए। इस बीच कुछ वाहन चालक हड़बड़ाहट में गिर गए। जिन्हे पुलिस जवानो ने उठाया। राजस्व व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बिना मास्क पहनकर बाजार निकले 118 लोगो के चालान काटे तथा 14 हजार 200 रू. राजस्व वसूला। एसडीएम राहुल नामदेव धोटे ने कहा लोग आवश्यक कार्य होने पर ही घरों से निकले। बिना मास्क के बाजार नहीं आए। दुकान संचालक भी प्रोटोकॉल का पालन करे। अमले की कार्रवाई शहर में सतत् जारी रहेगी। नवभारत

नवभारत 29/6/21

अब 1 जुलाई को लगेगा टीका, सप्ताह में सिर्फ दो दिन होगा टीकाकरण

# टीकाकरण के लिए ऐसी कतार नहीं देखी



**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** जिले में टीकाकरण को लेकर लोगों का उत्साह अब चरम पर पहुंच गया है। यही कारण है कि गिनती के टीके होने के बाद भी केंद्रों पर लग रही टीकाकरण के उत्साह की कतार में सैकड़ों लोग खड़े नजर आ रहे हैं। ऐसा ही नजारा अब हर दिन नजर आने लगा है लेकिन कुछ टीकाकरण केंद्रों पर कतार में खड़े लोग स्वास्थ्य विभाग पर मनमानी का आरोप लगा रहे हैं। जिसके चलते उनके सब्र का बांध भी अब टूटने लगा है।

वहीं दूसरी ओर शहर में सोमवार को दस केंद्रों पर टीकाकरण का सत्र आयोजित किया गया। टीकाकरण के दौरान शहर के कालिका माता परिसर स्थित धर्मशाला में आयोजित केंद्र पर सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद नजर आए। यहां धर्मशाला के भीतर हॉल के साथ ही बाहर सड़क पर धूप में सैकड़ों लोग कतार में खड़े नजर आए। इनमें से कई लोगों को टीके खत्म होने पर निराश होकर लौटना पड़ा।

## अब सप्ताह में दो दिन लगेगा टीका

कुल 3256 लोगों को कोविड के वैक्सीन लगाए गए। जिले में अब तक कुल 345167 कोविड के वैक्सीन लगाए जा चुके हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि राज्य कार्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार अब कोविड वैक्सीनेशन सप्ताह में कुल दो बार किया जाएगा। कोविड वैक्सीनेशन का आगामी सत्र 1 जुलाई को किया जाएगा तथा इसके बाद 5 जुलाई को कोविड का वैक्सीनेशन किया जाएगा।

पत्रिका 29/6/21

# भू-जल की निकासी को विनियमित और नियंत्रित करने हेतु दिशा निर्देश जारी

## जल शक्ति मंत्रालय द्वारा राजपत्र में अधिसूचना जारी की

रतलाम ● स्वदेश समाचार

जिले में स्थापित विभिन्न प्रकार के संस्थानों, प्रतिष्ठानों, सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्योग, सील बंद जल उद्योगों, जहां पर भू-जल दोहन कर उसका उपयोग किया जा रहा है, उनके संबंध में भारत शासन द्वारा जारी अधिसूचना के तहत दिशा निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार रतलाम जिले में स्थापित विभिन्न प्रकार के व्यावसायिक संस्थानों, प्रतिष्ठानों, सूक्ष्म, लघु, मध्यम, उद्यमों, सीलबंद जल उद्योगों आदि में उपयोग में लाए जा रहे भू-जल की निकासी को विनियमित और नियंत्रित करने हेतु जल शक्ति मंत्रालय भारत शासन द्वारा राजपत्र में अधिसूचना जारी की गई है।

जल शक्ति मंत्रालय भारत शासन एवं केंद्रीय भू-जल बोर्ड द्वारा वर्ष 2019 में जारी आंकलन में रतलाम जिले के रतलाम, जावरा, पिपलौदा एवं आलोट को अतिदोहित श्रेणी में तथा सैलाना एवं बाजना को अर्द्धगंभीर श्रेणी में रखा गया है। पेयजल, घरेलू, पशु, कृषि आदि के उपयोग अथवा बिना प्रयोजन दर्शाए खनित किए गए नलकूप, कुओं से बिना सक्षम अनुमति के भू-जल का दोहन कर जल का उपयोग व्यवसायिक गतिविधियों में किए जाने को रोकने हेतु राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा समय-समय पर पारित आदेशों तथा केंद्रीय भूमिगत प्राधिकरण उत्तर मध्य क्षेत्र भोपाल के पत्र के तारतम्य में कार्रवाई की जाना आवश्यक हो गया है।

कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रतलाम द्वारा बिना सक्षम प्राधिकारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किए भूमि जल का दोहन कर उसका व्यावसायिक उपयोग प्रतिबंधित किए जाने के प्रस्ताव पर कार्रवाई करते हुए उक्त आदेश जारी किया गया है।

आदेश दिनांक से जिले के किसी भी व्यावसायिक संस्थानों, प्रतिष्ठानों, सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यमों, सीलबंद उद्योगों आदि में भू-जल दोहन कर उसका उपयोग अधिसूचना में उल्लेखित सक्षम प्राधिकारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किए बिना नहीं किया जा सकेगा।

केंद्रीय भू-जल प्राधिकरण के निर्देश के उल्लंघन, अनापत्ति प्रमाण पत्र में निर्धारित शर्तों को पूरा न करने और इस आदेश के उल्लंघन करने पर पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 की धारा 15 से 21 के प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

स्वदेश

स्वदेश 29/6/21

बैठक

## भूजल की निकासी को विनियमित और नियंत्रित करने के लिए निर्देश जारी

रतलाम. जिले में स्थापित विभिन्न प्रकार के संस्थानों, प्रतिष्ठानों, सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्योग, सील बंद जल उद्योगों, जहां पर भूजल दोहन कर उसका उपयोग किया जा रहा है, उनके संबंध में भारत शासन द्वारा जारी अधिसूचना के तहत दिशा निर्देश दिए हैं। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार रतलाम जिले में स्थापित विभिन्न प्रकार के व्यावसायिक संस्थानों, प्रतिष्ठानों, सूक्ष्म, लघु, मध्यम, उद्यमों, सीलबंद जल उद्योगों आदि में उपयोग में लाए जा रहे भूजल की निकासी को विनियमित और नियंत्रित करने के लिए जल शक्ति मंत्रालय भारत शासन द्वारा राजपत्र में अधिसूचना जारी की गई है।

जल शक्ति मंत्रालय भारत शासन एवं केंद्रीय भूजल बोर्ड द्वारा वर्ष 2019 में जारी आकलन में रतलाम जिले के रतलाम, जावरा, पिपलोदा एवं आलोट को अतिदोहित श्रेणी में तथा सैलाना एवं बाजना को अर्द्धगंभीर श्रेणी में रखा गया है।

### लेना होगा अनापत्ति प्रमाण पत्र

कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रतलाम द्वारा बिना सक्षम प्राधिकारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किए भूमि जल का दोहन कर उसका व्यावसायिक उपयोग प्रतिबंधित किए जाने के प्रस्ताव पर कार्रवाई करते हुए उक्त आदेश जारी किया गया है। आदेश दिनांक से जिले के किसी भी व्यावसायिक संस्थानों, प्रतिष्ठानों, सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यमों, सीलबंद उद्योगों आदि में भूजल दोहन कर उसका उपयोग अधिसूचना में उल्लेखित सक्षम प्राधिकारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किए बिना नहीं किया जा सकेगा। अनापत्ति प्रमाण पत्र की समस्त शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाना होगा। नुकसान और क्षतिपूर्ति की भरपाई तथा दंड का प्रावधान नियमानुसार किया जाएगा।

## पौधरोपण की योजना नहीं बना पाए विभाग, कलेक्टर बोले-टाइम पास मत करो

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मानसून सीजन के लिए पिछली बैठक में पौधरोपण की योजना बनाने के बावजूद सोमवार को कई अधिकारी बिना योजना बनाए ही समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में पहुंच गए। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जब अधिकारियों से उस बारे में पूछा तो बगले झांकने लगे। जिला शिक्षा अधिकारी केसी शर्मा पर तो कलेक्टर लगभग भड़क ही गए। बोले टाइम पास मत करो।

उधर जावरा मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने 25000 पौधे लगाए का दावा कर दिया। कलेक्टर ने डिटेल योजना पूछी तो नहीं बता पाए। इस पर कलेक्टर ने कहा फर्जी जानकारी मत दो। इसके बाद कलेक्टर ने जावरा में 5000 पौधे लगाने और राजस्व विभाग को 1000 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया। स्वास्थ्य विभाग को 500, शिक्षा विभाग 8000 सहित अन्य विभागों को भी पौधरोपण का टारगेट दिया। जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षी सिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिडे भी मौजूद रहीं।

## भू-जल की निकासी को विनियमित व नियंत्रित करने दिशा निर्देश जारी

रतलाम | कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने प्रतिष्ठानों, सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्योग, सील बंद जल उद्योगों के लिए भारत शासन द्वारा जारी अधिसूचना के तहत दिशा निर्देश दिए हैं। निर्देशों में विभिन्न प्रकार के व्यावसायिक संस्थानों, प्रतिष्ठानों, सूक्ष्म, लघु, मध्यम, उद्यमों, सीलबंद जल उद्योगों आदि में उपयोग में लाए जा रहे भूजल की निकासी को विनियमित और नियंत्रित करने हेतु जल शक्ति मंत्रालय भारत शासन द्वारा राजपत्र में अधिसूचना जारी की है। जल शक्ति मंत्रालय भारत शासन एवं केंद्रीय भूजल बोर्ड द्वारा वर्ष 2019 में जारी आकलन में रतलाम जिले के रतलाम, जावरा, पिपलौदा एवं आलोट को अतिदोहित श्रेणी में तथा सैलाना एवं बाजना को अर्द्ध-गंभीर श्रेणी में रखा गया है।

## जन शिक्षण संस्थान में श्रमदान कर की साफ-सफाई, परिसर में रोपे पौधे

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जन शिक्षण संस्थान रतलाम द्वारा त्रिमासिक स्वच्छता कार्य योजना के अंतर्गत संस्थान परिसर में संस्थान निदेशक कल्पना पुरोहित की उपस्थिति में साफ-सफाई की गई। बाद में परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। कोविड-19 की तीसरी लहर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें सभी से सतर्क रहने और कोविड-19 नियमों का कड़ाई से पालन



# स्वास्थ्य विभाग कोविड के साथ ही डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों पर भी

## कलेक्टर ने बैठक में दिए निर्देश

प्रसारण न्यूज • रतलाम

समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक सोमवार शाम संपन्न हुई। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि कोरोना के अलावा स्वास्थ्य विभाग अन्य बीमारियों पर भी ध्यान देवें। वर्तमान मौसम में डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारी पनप सकती है। स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला एवं राजस्व विभाग का अमला ग्रामीण क्षेत्रों में नजर रखें।

कलेक्टर ने इस बात पर नाराजगी व्यक्त की कि जिले के दो



गांव में डेंगू के मरीज सामने आने की सूचना स्वास्थ्य विभाग या राजस्व के मैदानी अमले से प्राप्त नहीं हुई। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि सभी खंड चिकित्सा अधिकारी अपने मैदानी अमले से रिपोर्ट प्राप्त करें कि कहीं किसी गांव में मलेरिया या डेंगू जैसी कोई बीमारी तो नहीं फैली हुई है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि कांटेक्ट ट्रेसिंग पर ध्यान देवें। कोरोना के मरीज से जिन लोगों का संपर्क हुआ है उनकी व्यापक स्तर पर ट्रेसिंग की जाए। जिन लोगों को होम आइसोलेट किया जाता है वो अपने घर में ही रहे, इधर-उधर नहीं घूमे, इसका ध्यान रखें।

## प्लान बनाकर प्रस्तुत करें टाइम पास नहीं क

कलेक्टर ने विगत बैठक में जिले में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्य के लिए अलग-अलग विभागों को कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। वर्तमान बैठक में समीक्षा के दौरान कलेक्टर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी के प्रति सख्त नाराजगी व्यक्त की गई। कलेक्टर ने कहा कि टाइम पास नहीं किया जाए, कार्य को गंभीरता से लिया जाए। जिला शिक्षा अधिकारी अपने विभाग के अंतर्गत किए जाने वाले प्लांटेशन के संबंध में विशुद्ध कार्ययोजना प्रस्तुत करें। इसके साथ ही जावरा मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा यह जानकारी दिए जाने पर कि जावरा में 25000 पौधे लगाए जाएंगे। कलेक्टर ने कहा कि इस प्रकार की फर्जी जानकारी प्रस्तुत नहीं की जाए। इस संबंध में जावरा सीएमओ द्वारा कोई विस्तृत कार्य योजना भी नहीं बताई गई। कलेक्टर ने कहा कि जावरा में 5000 पौधे लगाए जाकर उनकी उचित देखभाल का इंतजाम किया जाए। राजस्व विभाग को 1000 पौधे लगाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग अपने परिसरों में 500 पौधे लगाएगा। शिक्षा विभाग 8000 पौधे लगाएगा, अन्य विभागों के भी लक्ष्य तय किए गए।

कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में रेडक्रास द्वारा संचालित अल्ट्रासोनिक मशीन के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि एक साल से मशीन खराब है, ऐसी रिपोर्ट प्राप्त हुई है। डिप्टी कलेक्टर शिवाली जैन को निर्देशित किया गया कि मशीन को सुधरवाकर चालु किया जाए। उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत जिले के 7 किसानों को
कराने के
निर्देशित
कंपनी के
विद्युत वित
रिस्पांस टाइ

मुख्यम
कलेक्टर ने
प्रकरणों में
कलेक्टर ने
के निराकरण
अधिकारी
संवेदनशील

# पर 3-3 और 1 पर 16 लोगों का वैक्सीनेशन

**भास्कर इन्वेस्टिगेशन**

## भोपाल में वैक्सीनेट हुए 10 हजार लोगों के डाटा की पड़ताल

रोहित श्रीवास्तव/भीम सिंह मीणा | भोपाल

भोपाल में 21 जून को कोविड वैक्सीनेशन महाअभियान के दौरान दर्जनों घालमेल सामने आए है। उस दिन 555 आधार नंबर पर दो-दो और 90 पर तीन-तीन लोगों को वैक्सीन लगाई गई है। इतना ही नहीं, बैरागढ़ में एक कैंप में एक ही आधार नंबर पर 16 लोगों को टीका लगा दिया गया, जिनमें से तीन लोग झारखंड, महाराष्ट्र और सतना के हैं। खास बात यह है कि ये लोग आज तक भोपाल आए ही नहीं, लेकिन राजधानी के रिकॉर्ड में इन्हें वैक्सीन लगाई गई है। यह खुलासा कोलार, बैरागढ़, बैरसिया और सिटी क्षेत्र के 10 हजार लोगों के वैक्सीनेशन डाटा की पड़ताल में हुआ है।

10 हजार लोगों के वैक्सीनेशन डेटा रिकॉर्ड में 661 लोगों के आधार नंबर पर 1459 लोगों को वैक्सीन लगाना बताया गया है। इनमें सबसे ज्यादा 555 आधार नंबर ऐसे हैं, जिन पर 2-2 लोगों का वैक्सीनेशन होना रिकॉर्ड में दर्ज है। रिकॉर्ड के अनुसार बैरागढ़ के एक वैक्सीनेशन सेंटर पर आधार नंबर ********9999 पर सुलेमान को कोविड का टीका लगाए जाने की जानकारी दर्ज है। सरकारी दस्तावेजों में सुलेमान का जो मोबाइल नंबर ( 982####890 ) दिया गया है, वह सतना के राज चांदवानी का है। राज के मुताबिक वह पिछले छह साल से भोपाल नहीं आए है। राज चांदवानी की तरह ही झारखंड के 47 वर्षीय रामदयाल और महाराष्ट्र के पुणे में रह रही प्रियंका को भी ********9999 नंबर पर कोविड का टीका रिकार्ड में लगा दिया गया। जबकि रामदयाल और प्रियंका ने भोपाल में वैक्सीन लगवाई ही नहीं है। महाअभियान का यह महाघोटाला तो सिर्फ 10 हजार लोगों के डेटा में हमने ढूंढ निकाला है।

### ********3301 से 3399 के बीच सीरियल नंबर से 50 को टीका

वैक्सीनेशन डेटा रिपोर्ट के अनुसार बैरसिया, बैरागढ़, कोलार क्षेत्र और सिटी सर्कल के कई वैक्सीनेशन सेंटर्स के रिकॉर्ड में हितग्राहियों के रजिस्टर्ड आधार नंबर सीरीज के रूप में दर्ज है। आखिरी चार नंबरों की शुरुआत 33 से शुरू हो रही है। रिकॉर्ड में 3301 से लेकर 3399 के बीच के 50 नंबरों पर अलग-अलग लोगों को रजिस्टर किया गया है। लेकिन, इन सभी के मोबाइल नंबर अलग-अलग हैं। जिनमें कुछ नंबर तमिलनाडु, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के हैं। इसके चलते वैक्सीनेशन महाअभियान के तहत प्रदेश में हुए रिकार्ड वैक्सीनेशन के आंकड़ों पर सवाल उठने लगे हैं।

**किस आधार पर कितने टीके**

| आधार नंबर | वैक्सीन |
|---|---|
| ********9999 | 16 |
| ********5950 | 6 |
| ********5505 | 5 |
| ********7874 | 4 |
| ********6248 | 4 |
| ********6329 | 4 |

**और कितनी बार टीके**

| आधार नंबर | रजिस्ट्रेशन |
|---|---|
| 555 | 2 |
| 90 | 3 |
| 1 | 16 |
| 13 | 4 |
| 1 | 5 |
| 1 | 6 |

## जो कभी भोपाल आए ही नहीं, रिकॉर्ड में झारखंड-महाराष्ट्र के उन लोगों को भी टीके लगाए


**केस-1 बिलासपुर के हर्ष के नंबर पर भोपाल में भरतराम और पारो को लगा टीका**

मोबाइल नंबर 6262###828 पर भरतराम और पारो बाई को टीका लगाए जाने की जानकारी वैक्सीनेशन रिकार्ड में दी गई है। इसमें रजिस्टर किया गया मोबाइल नंबर बिलासपुर के हर्ष नागदेव का है। जो कभी भोपाल नहीं आए हैं। हर्ष ने बताया कि उनके परिवार में भरतराम और पारो बाई नाम का कोई सदस्य ही नहीं है। ना ही परिवार के किसी सदस्य ने भोपाल में कोरोना का टीका लगवाया है।

**केस-3 बैरसिया में एक ही आधार नंबर पर चार लोगों को लगा दी वैक्सीन**

बैरसिया में #### #### 0274 आधार नंबर पर स्वाति, उमेंद्र, गुलदेश और वीमेंद्र को कोरोना का टीका 21 जून को लगाया जाना रिकार्ड में दर्ज है। चारों हितग्राहियों के मोबाइल नंबर अलग-अलग दर्ज हैं। दिए गए मोबाइल नंबरों में से केवल गुलदेश और स्वाति ने बैरसिया में टीका लगवाने की पुष्टि की की है। जबकि वीमेंद्र के नाम से दर्ज नंबर , दूसरे व्यक्ति का और उमेंद्र का मोबाइल नंबर ही गलत निकला।

**कच्चा चिट्ठा**



कोविन पोर्टल पर अपलोड रिपोर्ट... एक ही तरह के आधार नंबर पर अलग-अलग लोगों को लगाई वैक्सीन।

**केस-4 वैक्सीन एक बार लगी, नाम दो जगह दर्ज अरुणा की जगह नाम भी अरुण कर दिया**

अरुण कोचेटा ने भोपाल के द्वारकाधाम संजीव नगर में डोज लगवाई। इनके नाम के आगे जो आधार नंबर लिखा है, उसके आखिरी की चार नंबर #### #### 9999 है। अरुण ने बताया कि उनके आधार नंबर के आखिरी चार अंक 5382 हैं। उनकी बेटी ने बताया कि अरुणा के नाम से जो सर्टिफिकेट आया, उसमें अरुणा की बजाय अरुण लिख दिया। इतना ही नहीं उनके नाम से पोर्टल में जो जगह इंट्री कर दी गई और दोनों जगह आधार नंबर अलग-अलग है।

**केस-2 चार मोबाइल नंबर से एक आधार नंबर को रजिस्टर्ड कर लगा टीका**

चार अलग-अलग मोबाइल नंबर से कोविड टीकाकरण के लिए चार लोगों को रजिस्टर्ड किया गया। लेकिन, वैक्सीन लगाने के लिए सभी का आधार नंबर एक #### #### 0774 दर्ज किया गया। वैक्सीनेशन रिकार्ड में इस आधार नंबर से नीलम अग्रवाल, द्वारिका बाई राजौरा, और हजरा बाई को कोरोना वैक्सीन का दूसरा टीका और मोहम्मद फरीद को पहला टीका लगा है।

**केस-5 तमिलनाडु के नागराज के मोबाइल नंबर पर बैरसिया में रेखा को टीका**

आधार नंबर #### #### 0#44 पर बैरसिया में संदीप नामदेव, रेखा और रेखा अहिरवार को टीका लगना बताया गया है। जो बैरसिया के संदीप का है। संदीप ने कहा- टीका तो लगा, लेकिन रेखा और रेखा को वे नहीं जानते। रिकॉर्ड में रेखा अहिरवार का मोबाइल नंबर 96####8147 दर्ज है। जो तमिलनाडु के 64 वर्षीय नागराज का है। जबकि वैक्सीनेशन के लिए दूसरी रेखा द्वारा रजिस्टर्ड कराया मोबाइल नंबर ही आउट ऑफ सर्विस है।

**इक्का-दुक्का मामले हो सकते हैं...** *आधार कार्ड में आखिरी के 4 अंक दो लोगों के एक जैसे होने के इक्का-दुक्का मामले हो सकते है। इतने बड़े स्तर पर होना संभव नहीं है। फिर भी आधार नंबर का मिलान करना होगा।* - इसरार अहमद, सेंट्रल मैनेजर, आधार सेवा केंद्र, भोपाल

**एक आधार दोबारा फीड नहीं हो सकता ..** *ऐसा संभव नहीं है कि एक ही आधार पर अनेक लोगों को डोज लग जाए। पोर्टल में एक आधार को दोबारा फीड नहीं किया जा सकता है, वो स्वीकार ही नहीं करेगा। जरूर कुछ कन्फ्यूजन है।* - संदीप केरकेट्टा, एडीएम, भोपाल

भास्कर

दै. भास्कर 29/6/21

## एसडीएम और सीएसपी ने पकड़े थे बिना मास्क वाले लापरवाह लोग, चलती वैन से कूद कर भागे हिरासत में लिए गए लोग

रतलाम। रतलाम में आज पुलिस और प्रशासन के सुस्त रवैए का एक नजारा देखने को मिला है। जहां शहर एसडीएम और सीएसपी ने मिलकर बिना मास्क घूम रहे लापरवाह लोगों को हिरासत में तो लिया लेकिन थाने पहुंचने के पहले ही ये लोग पुलिस वैन से रफूचक्कर हो गए। ये लोग रास्ते में पुलिस वैन की स्पीड कम होने का फायदा उठाते हुए वाहन से कूदकर भाग निकले।

पुलिस और प्रशासन की संयुक्त कार्यवाही में करीब एक दर्जन लोगों को ओपन जेल ले जाने के लिए हिरासत में लेकर पुलिस वाहन में बिठाया गया था। लेकिन थाने पहुंचते-पहुंचते इन लोगों की संख्या केवल 2 रह गई। प्रशासन की टीम लगातार शहर में घूमकर उन लोगों को पकड़कर थाने ला रही है जो बिना मास्क घूम रहे और कोरोना गाइडलाइन का पालन नहीं कर रहे हैं। लेकिन यह कवायद आज उस समय धरी रह गई। जब पकड़े गए एक दर्जन लोगों में से अधिकांश लोग चलती वैन से कूदकर भाग गए। चलती वैन से कूदने के चक्कर में एक व्यक्ति सड़क पर नीचे भी गिर गया। वहीं अधिकांश लोग पुलिस वाहन से कूदकर भागने में सफल हो गए।

दरअसल पुलिस वैन में पीछे की ओर कोई भी पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था। जिसका फायदा उठाकर बिना मास्क वाले ये लोग पुलिस वैन से भाग खड़े हुए। वहीं सीएसपी और एसडीएम औद्योगिक थाने पर पकड़े गए लोगों का इंतजार करते रहे। लेकिन जब हकीकत उन्हें पता लगी तो वे भी थाने से रवाना हो गए।

बहरहाल पुलिस और प्रशासन की सुस्त और लचर व्यवस्था का रियलिटी टेस्ट बिना मास्क पहनने और लापरवाही करने वाले लोगों के साथ ही हो गया। वरना गंभीर अपराध करने वाले अपराधी भी पुलिस की लापरवाही का फायदा उठाकर फरार हो सकते हैं।

## गंदगी फैलाने वाले 7 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम | स्वच्छता अभियान के तहत निगम ने फिर स्पॉट फाइन करना शुरू कर दिया है। सोमवार को ऐसे ही गंदगी फैलाने और डस्टबिन नहीं रखने वाले 7 व्यक्तियों पर जुर्माना किया। वहीं विपुल अमृत सागर तालाब पर 1000 रुपए, राजेश मालवीय अमृत सागर तालाब पर 200 रुपए, दिनेश गौर, प्रेम सिंह, मंसूर, सत्यनारायण त्रिपोलिया गेट और आशीष चांदनी चौक से 100 रुपए का स्पॉट फाइन लिया। स्पॉट फाइन दल ने बिना मास्क घूमते 75 व्यक्तियों को भी पकड़ा।

## बर्खास्त करने का नोटिस जारी

रतलाम। शहर के वार्ड क्रमांक-34 के कचरा संग्रहण हाथ ठेला सफाई संरक्षक अभिषेक- विनोद द्वारा आए दिन बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने व 26 जून को बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा गया। साथ ही उसे सेवा से बर्खास्त किए जाने का सूचना पत्र जारी किया गया।

## पांच मवेशियों को गोशाला भेजा

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 998 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। सोमवार को घास बाजार, चौमुखी पुल, तोपखाना क्षेत्र से पांच मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए।

## पानी घुसने का अंदेशा

रतलाम | दो बत्ती पर ज्योति होटल लेन का फोरलेन बन चुका है लेकिन सड़क का बेस दुकानों से ऊपर चला गया है। इससे तेज बारिश में पानी दुकानों के अंदर घुसने का अंदेशा है।

### वैक्सीन नहीं लगवाने वालों को चेतावनी

## दूसरा डोज नहीं लगवाया तो कर्मचारियों पर कार्यवाही

भोपाल | ऐसे सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों पर कार्यवाही की जाएगी, जिन्होंने कोरोना वैक्सीन का पहला डोज लगवा लिया है, लेकिन समय अवधि बीतने के बाद भी दूसरा डोज नहीं लगवाया है। यह चेतावनी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोरोना व वैक्सीनेशन पर मंत्री समूह के प्रेजेंटेशन देखने के दौरान दी। उन्होंने यह भी कहा कि संचालकों द्वारा शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन सुनिश्चित करने पर कोचिंग क्लास खोलने पर भी विचार किया जा सकता है। सीएम ने कहा कि जो लोग पहला डोज लगवा चुके हैं, लेकिन दूसरे डोज में लापरवाही बरत रहे हैं, उन्हें चिह्नित कर डोज लगाई जाएं। इसके लिए विशेष अभियान चलाया जाए। टीके का दूसरा डोज नहीं लगवाना समाज के लिए अपराध है।

## वार्ड में गंदगी पाई गई तो झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक के विरूद्ध होगी कार्यवाही

रतलाम । स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर-1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डों की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले-नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डों में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा पाये जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी। वार्डों की समुचित साफ-सफाई का दायित्व झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है वे अपने कर्तव्य का निर्वहन पुरी निश्ठा एवं ईमानदारी करें यदि वार्डों में साफ-सफाई नहीं पाई जाती है तो संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

# टीकाकरण केन्द्रों पर मेले जैसी भीड़

रतलाम। जिले में जारी टीके की किल्लत की वजह से अब वैक्सीनेशन केंद्रों पर लोगों की भीड़ उमड़ रही है। सोमवार को टीकाकरण किए जाने के लिए सीमित स्थानों पर केंद्र बनाए गए थे। इससे यहां मेले जैसे

- **सीमित स्थानों पर टीकाकरण**
- **पुलिसकर्मियों ने संभाला मोर्चा**

भीड़ उमड़ पड़ी। माली कुआ स्थित टीकाकरण केंद्र पर पहुंचे लोग आपस में ही भिड़ गए, जिसके बाद पुलिस को मौके पर पहुंचकर मामला शांत करवाना पड़ा। धक्का-मुक्की और विवाद की स्थिति शहर के डीआरपी लाइन और पीएनटी कॉलोनी क्षेत्र में भी बनी जहां पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा है। वहीं जिले में सोमवार को आयोजित कोविड वैक्सीनेशन सत्रों में कुल 3256 लोगों को कोविड के वैक्सीन लगाए गए। जिले में अब तक कुल 345167 कोविड के वैक्सीन लगाए जा चुके हैं। नवभारत



## अब 1 जुलाई को वैक्सीनेशन

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. प्रभाकर ननावारे ने बताया कि राज्य कार्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार अब कोविड वैक्सीनेशन सप्ताह में कुल दो बार किया जाएगा। कोविड वैक्सीनेशन का आगामी सत्र 1 जुलाई को किया जाएगा तथा इसके बाद 5 जुलाई को किया जाएगा।

## कई बिना वैक्सीन के लौटे

हंगामा कर रहे लोगों की शिकायत थी कि वैक्सीनेशन केंद्रों पर केवल जान पहचान के लोगों को ही बुलाकर वैक्सीन लगवाया जा रहा है जबकि आम लोग सुबह से कतार में खड़े हुए हैं। वहीं कई लोगों को वैक्सीन खत्म हो जाने के बाद मायूस होकर घर लौटना पड़ रहा है।

नवभारत २९/६/२१


# प्रधानमंत्री की प्रेरणा और सहयोग से वैक्सीनेशन में अग्रणी बना मध्यप्रदेश : शिवराज सिंह चौहान

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा और सहयोग से वैक्सीनेशन में मध्यप्रदेश अग्रणी बना है। देश में एक साथ 21 जून को 86 लाख से अधिक लोगों ने वैक्सीन लगवाई। इसी दिन मध्यप्रदेश में भी 16 लाख से अधिक लोगों को वैक्सीन लगाई गई। अन्य राज्यों की अपेक्षा मध्यप्रदेश की वैक्सीनेशन में लगभग 20 प्रतिशत भागीदारी रही। यह प्रदेशवासियों के दृढ़संकल्प और फ्रंटलाइन वर्कर्स की कार्य-कुशलता का नतीजा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के कर्मठ नेतृत्व एवं सतत प्रोत्साहन से पूरे देश में टीकाकरण की गति निरन्तर बढ़ रही है।

**डुलारिया गाँव में 126 ने लगवाई वैक्सीन :** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लक्ष्य के प्रति समर्पित और संकल्पित प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को पाकर राष्ट्र धन्य हो गया है। उनकी प्रेरणा से सभी राज्यों में वैक्सीनेशन के प्रति एक स्वस्थ प्रति स्पर्धा जैसा माहौल निर्मित हुआ है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की आत्मीय एवं सरल शब्दों में दी गई प्रेरणा से ही बैतूल जिले के गाँव डुलारिया के 126 लोगों ने वैक्सीन लगवाई है। साथ ही गाँव के अन्य लोग भी वैक्सीन लगवाने के लिये तैयार हुए हैं। स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा वैक्सीनेशन की कार्यवाही की जा रही है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि टीकाकरण महाअभियान में प्रदेशवासियों ने वैक्सीन के प्रति जो विश्वास और उत्साह दिखाया, उसी का परिणाम है कि अभियान में प्रतिदिन वैक्सीनेशन का रिकार्ड कायम होता गया। महाअभियान के पहले दिन मध्यप्रदेश में 16 लाख 95 हजार, दूसरे दिन 11 लाख से अधिक, तीसरे दिन 7 लाख से अधिक और महाअभियान के चौथे दिन 10 लाख लोगों ने कोरोना से सुरक्षा के लिये वैक्सीन लगवाई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में वैक्सीन के प्रति आमजन में विश्वास बढ़ा है।

प्रसारण




## लगभग पौने 2 करोड़ आबादी हुई वैक्सीनेट

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अब तक प्रदेश की लगभग पौने 2 करोड़ आबादी को वैक्सीन लगाकर कोरोना से सुरक्षा का कवच प्रदान किया जा चुका है। इनमें से हेल्थकेयर वर्कर्स और फ्रंटलाइन वर्कर्स में 10 लाख 24 हजार को पहला डोज और 67 हजार 30 को दूसरा डोज लग चुका है। इसी प्रकार 18 से 44 वर्ष के युवा वर्ग में 83 लाख 30 हजार को पहला डोज और 13 लाख 95 हजार को दूसरा डोज लग चुका है। तीसरा वर्ग 45 वर्ष से अधिक आयु के 80 लाख 90 हजार को प्रथम डोज और 15 लाख 44 हजार को वैक्सीन का दूसरा डोज लग चुका है। प्रदेश में टीकाकरण का कार्य निरन्तर जारी रहेगा।

## लोगों ने माना जीवन बचाने के लिये अहम है वैक्सीन

टीकाकरण महाअभियान को सफल बनाने के लिये पूरे प्रदेश में सकारात्मक वातावरण तैयार किया गया। इसमें जन-भागीदारी भी सुनिश्चित की गई। वैक्सीनेशन के लिये बनाये गये केन्द्रों पर माकूल व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए इसका भी ध्यान रखा गया कि केन्द्र पर आये लोगों को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। भोपाल के टीकाकरण केन्द्र पर वैक्सीन लगवाने आई एक महिला ने कहा कि अपनी और बेटी की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मैंने वैक्सीन लगवाई है। सतना जिले की धवारी निवासी कुमारी श्वेता श्रीवास्तव का कहना है कि टीकाकरण महाअभियान में मैंने वैक्सीन का पहला डोज लगवा लिया है। उन्होंने सभी युवाओं से अपील की कि वे भी जीवन सुरक्षा के लिये वैक्सीन लगवा लें। भोपाल के मोहम्मद फारूक ने टीका लगवाकर अपनी जिम्मेदारी निभाई। उन्होंने अन्य लोगों को भी प्रेरित कर टीकाकरण का महत्व समझाया। भोपाल की सविता भी टीकाकरण करवाकर काफी प्रसन्न और अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रही है। जिला सहकारी संघ मर्यादित शाजापुर के प्रबंधक श्री शब्बीर खान ने भी कोरोना वैक्सीन लगवाई और कहा कि कोरोना से बचाव का एकमात्र उपाय वैक्सीनेशन ही है।

प्रसारण 29/6/21

# नगर निगम ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष व आश्रय स्थल बनाये

## आपदा प्रबंधन हेतु निगम ने किये व्यापक प्रबंध

रतलाम। अति वृष्टि के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित परिस्थितियों से निपटने एवं आपदा प्रबंधन के लिए निगम स्तर पर की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निगम मे विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पाबंद किया है। निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत् जीर्ण-शीर्ण भवनों को चिन्हित किया जाकर भवन स्वामी को नोटिस दिये जाने तथा क्षतिग्रस्त पुलियाओं को चिन्हित कर रेडियम लगाने के निर्देश के साथ जल प्लावन रोकने तथा पानी के बहाव में अवरोध उत्पन्न करने वाले नाला एवं नालियों के अतिक्रमण चिन्हित कर हटाये जाने तथा शहर के नाले नालियों एवं वाल के चेम्बरों पर लगे ढक्कन व पर्सी इत्यादि खुली न रहे इसकी व्यवस्था किये जाने की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग एवं कर्मशाला विभाग को सौंपी है। अति वृष्टि हेतु 8 आश्रय स्थल बनाये जाकर कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है जिसके तहत् गांधीनगर कम्युनिटी हॉल पर श्री विशाल भटनागर मो0नं0 9300885504, ईश्वर नगर विद्यालय भवन पर श्री मुकेश मेहता मो0 नं0 9629647211, शैरानीपुरा जमातखाना पर श्री विजय अग्रवाल मो0 नं0 9907454456, अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड पर राजेश सिंह सेंगर मो0 नं0 7697052031, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल पर श्री प्रदीप उपाध्याय मो0 नं0 9589944748, धीरजशाह नगर रॉयल हॉल पर श्री कुलदीप भट्ट मो0 नं0 7471144027, भवन निर्माण कला केन्द्र बिरियाखेड़ी पर श्री महेश व्यास मो0 नं0 9752971374 तथा श्री जैन उ.मा.विद्यालय सागोद रोड पर श्री सुनील कपूर मो0 नं0 9644000433 को नियुक्त किया गया है । आश्रय स्थलों के व्यवस्था की जिम्मेदारी उपयंत्री श्री विकास मरकाम उपयंत्री को सौंपी गई है। जो नियुक्त किये गये कर्मचारियों के सहयोग से समुचित व्यवस्था सुनिश्चित् करेंगे।

आपदा प्रबंधन के उपयोग में आने वाली आवश्यक सामग्री एवं संसाधनों का आंकलन कर उसके भण्डारण की जिम्मेदारी भण्डार रक्षक को सौंपी है साथ ही वर्षा ऋतु में शुद्ध जल की उपलब्धता एवं वितरण के लिये आवश्यक रसायनों की व्यवस्था एवं उपलब्धता तथा पानी निकालने के लिये पम्प आदि की व्यवस्था किये जाने की जिम्मेदारी प्रभारी कार्यपालन यंत्री जलप्रदाय को सौंपी है।

जल की समुचित निकासी एवं व्यवस्थित बहाव के लिए आवश्यक व्यवस्था तथा इस हेतु पृथक से दल गठित करना, वर्षा काल में सड़ी-गली सब्जी-फल आदि के विनिष्टीकरण की कार्यवाही एवं इस हेतु पृथक से दल गठित करना तथा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में छोटे एवं बड़े नाले-नालियों की वर्षा पूर्व समुचित सफाई एवं जल एक स्थान पर एकत्रित न हो इसकी व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालयों एवं मुत्रालयों की नियमित रूप से साफ-सफाई करवाई जाकर आपदा प्रबंधन के संबंध में आवश्यक संसाधन, कीटनाशक आदि की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी प्र.स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षकों को सौंपी गई है। स्वतंत्र

स्वतंत्र रतलाम २७/६/२१

50 सैंपल जांच के लिए गए थे दिल्ली, 20 से अधिक की रिपोर्ट आई पॉजिटिव

# डेल्टा की दस्तक: रतलाम में सीएमएचओ सहित 20 से अधिक की रिपोर्ट पॉजिटिव

पत्रिका

एक्सक्लूसिव

सौरभ पाठक
patrika.com




रतलाम. कोरोना संक्रमण की रफ्तार भले ही रतलाम में कम हो गई है लेकिन खतरा अभी टला नहीं है। कोरोना के बाद अब रतलाम में डेल्टा ने दस्तक दे दी है। रतलाम के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित करीब 20 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। स्वास्थ्य विभाग के मुखिया के डेल्टा संक्रमित पाए जाने के बाद अब पूरा महकमा हाई अलर्ट पर है।

रतलाम से जांच के लिए 50 सैंपल दिल्ली भेजे गए थे जिनमें से 20 से अधिक की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। पॉजिटिव भाई लोगों में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रभाकर ननावरे भी शामिल हैं। रतलाम में डेल्टा के केस सामने आने के बाद अब डेल्टा प्लस प्लस के खतरे से हर कोई परेशान है। जब डेल्टा ने रतलाम में दस्तक दिए तो प्लस प्लस भी यहां दस्तक दे सकता है, इसकी पूरी संभावना बनी हुई है।

## बार-बार आ रहा बुखार

सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक जिले में कोरोना संक्रमण अब खत्म होने की कगार पर है लेकिन डेल्टा की दस्तक ने प्रशासन के साथ स्वास्थ्य विभाग की नींद हराम करके रख दी है। जिन लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, वह सभी स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में है। दरअसल इन लोगों का पॉजिटिव आने के बाद से लगातार उपचार चल रहा है लेकिन कभी बुखार उतरता है तो कभी फिर से चढ़ जाता है, इसी को देखते हुए इनके सैंपल जांच के लिए दिल्ली भेजे गए थे।

## कोरोना और ब्लैक फंगस से बड़ा खतरा

डेल्टा वायरस कोरोना और ब्लैक फंगस से भी अधिक खतरनाक है। यही कारण है कि जो लोग अब बार-बार बीमार हो रहे हैं, उन लोगों पर स्वास्थ्य विभाग विशेष तौर पर नजर रख रहा है। मेडिकल कॉलेज में वर्तमान में जो मरीज भर्ती हैं उनमें से भी कुछ डेल्टा के शिकार हैं, इसी कारण से वह डिस्चार्ज नहीं हो सके हैं। जिन लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, उन सभी का उपचार जारी है।

## टीके ने बचाई जान

डेल्टा की चपेट में आए मरीजों में से कुछ का टीकाकरण कराया जा चुका है, यही कारण है कि उनकी तबीयत इतनी नहीं बिगड़ी। मरीजों को बुखार उतरने के साथ चढ़ रहा है लेकिन वैक्सीनेटेड होने के कारण बहुत ज्यादा विपरीत प्रभाव पड़ता नजर नहीं आ रहा है।


कुछ लोगों का स्वास्थ्य लगातार खराब चल रहा था जिसके चलते उनके सैंपल मेडिकल कॉलेज से जांच के लिए दिल्ली भेजे गए थे, वहां से आई रिपोर्ट डेल्टा पॉजिटिव पाई गई है। टीकाकरण को लेकर लोग अपनी जिम्मेवारी समझे और टीका लगवाने के लिए केंद्र पर पहुंचे। इसके साथ ही घर से बाहर निकलने के दौरान मुंह पर मास्क लगाएं, डिस्टेंसिंग का पालन करें और हाथों को धोते रहें। **- डॉ गौरव बोरीवाल,** जिला महामारी नियंत्रक, रतलाम

पत्रिका 27/6/21

पत्रिका की खबर के बाद पेयजल की स्थिति देखने पहुंचे दलबल के साथ

# धोलावड़ न्यू इंटकवेल व फोरलेन सड़क निर्माण कार्य देखने पहुंचे निगम आयुक्त

फॉलोअप



पत्रिका

प्रकाशित खबर।



रतलाम. दो बत्ती से महाराजा सज्जन सिंह प्रतिमा चौराहे तक चल रहे 4 लेन सड़क निर्माण कार्य व धोलावाड़ न्यू इन्टकवेल पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने दलबल के साथ सोमवार दोपहर बाद पहुंचे। धोलावाड़ न्यू इन्टकवेल पर पेयजल की स्थिति व शहर को प्रतिदिन पहुंच रहे पेयजल की समीक्षा आयुक्त झारिया ने की। इस दौरान कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री मनीष तिवार साथ थे।

निगम आयुक्त झारिया ने बताया दो बत्ती 4 लेन सड़क निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान ठेकेदार को निर्देशित किया कि 2 लेन सड़क का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है जिस पर से आवागमन जारी है। दूसरी ओर 2 लेन सड़क निर्माण कार्य के पूर्व नाले व ड्रेनेज पाईप डालने का कार्य जल्दी किया जाए ताकि सड़क निर्माण होकर नागरिकों को आवागमन में सुविधा हो सकें।

## धोलावाड़ में यह बोले आयुक्त

इसके बाद निगम आयुक्त झारिया ने धोलावाड़ न्यू इन्टकवेल का निरीक्षण किया इस दौरान आयुक्त झारिया ने साफ कहा कि पेयजल आपुर्ति नियमित की जाए व किस टंकी में कितना पेयजल दिया गया है, इसकी जानकारी दोपहर तक उनको दी जाए। इसके अलावा हर टंकी से भी इस बात की रिपोर्ट भेजी जाए की वहां तक पेयजल पहुंचा है या नहीं। अगर बिजली की आपुर्ति प्रभावित होती है तो इसकी जानकारी उसी दिन दी जाकर विद्युत कंपनी को इसकी सूचना दी जाए। इसके अलावा धोलावाड़ में मुख्य मार्ग से इन्टकवेल तक बनाई गई सीसी रोड सड़क के दोनों ओर 2-2 लाईन में फलदार पौधे रोपे जाये। इस अवसर पर निगम आयुक्त झारिया ने स्वंय उपस्थित रहकर पौधा रोपण हेतु गड्डे खुदवाने का कार्य शुरू किया।

पत्रिका

पत्रिका 29/6/21